



## एक नजर में

### राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेला की तैयारियों को लेकर नपाध्यक्ष गुर्जर ने किया निरीक्षण, आवश्यक दिशा निर्देश दिए



**मंदसौर।** 1 मार्च एवं 2 मार्च को नपा परिषद मंदसौर के द्वारा 49 वें राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेला का आयोजन हिन्दू मुस्लिम कौमी एकता की मिसाल हजरत नाहर सैय्यद दरगाह एवं उसके समीप स्थित मेला ग्राउण्ड पर किया जाना है, मेला की तैयारियों को लेकर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने मेला समिति, नपा के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों कर्मचारियों के साथ मेला स्थल का निरिक्षण किया। निरिक्षण के मौके पर मेला सभापति श्रीमती बब्बन गौरी, मेला समिति सदस्य श्रीमती खेरून बी शेहजाद पटेल, श्रीमती मंजू अनिल मालवीय, आशीष गौड़ एड., रफत पयामी, मेला अधिकारी श्री पी.एस. धारवे, मेला लिपिक राजेन्द्र नीमा, जिला वक्फ कमेटी अध्यक्ष श्री शाकिर गढ़वी, नाहर सैय्यद दरगाह कमेटी सदर युनुस मेव, सेकेट्री रिजवान मिर्जा सहित कई गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने निरीक्षण के मौके पर नपा के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता मेला की तैयारियों को शीघ्रता से पूरी करे। नाहर सैय्यद मेला ग्राउण्ड पर मेला के लिये जो भी जरूरी इंतजाम करना है वे करे। तालाब के किनारे महिलाओं के स्नान के लिये अस्थायी शेड बनवायें ताकि महिलाओं को स्नान करने में सुविधा रहे। मेला ग्राउण्ड पर तीन दिवसीय मेला के मौके पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करे। मेला अधिकारी श्री पी.एस. धारवे, मेला लिपिक राजेन्द्र नीमा ने बताया कि यश बालाजी चौराहा से नाहर सैय्यद दरगाह तक नगर पालिका ने रोड के पेचवर्क का कार्य पूर्ण कर लिया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नाहर सैय्यद दरगाह पहुँचने के अन्य मार्गों पर भी पेचवर्क का कार्य किया जा रहा है। मेला ग्राउण्ड पर सफाई का कार्य पूर्णता की ओर है।

### मंदसौर पुलिस की जनसुनवाई में 35 आवेदनों का त्वरित निराकरण, एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश



**मंदसौर।** जिला पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई शिविर में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 35 आवेदकों की शिकायतों पर मौके पर ही सुनवाई कर संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, एसडीओपी मंदसौर ग्रामीण श्रीमती कीर्ति बघेल, एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापत, थाना प्रभारी कोतवाली पुष्पेंद्र सिंह राठौर एवं थाना प्रभारी यशोधर्मन नगर शिवांशु मालवीय भी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक मीणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं विधिसम्मत निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को न्याय और राहत मिल सके।

## लायंस क्लब के 150 से अधिक क्लबों का संगम

**मंदसौर। लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रांत 3233-ई2 के तत्वावधान में लायंस क्लब मंदसौर की मेजबानी में दलौदा स्थित मधुर मिलन गार्डन में दो दिवसीय भव्य तृतीय प्रांतीय कैबिनेट बैठक एवं अध्यक्ष-सचिव समागम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।**



प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित इस गरिमामयी समागम का मुख्य ध्येय 'आओ खुशियां बांटें' रखा गया, जिसने सेवा और भ्रातृत्व के वातावरण में एक नया अध्याय जोड़ दिया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन व जीटी एरिया लीडर लायन कुलभूषण मित्तल ने अपने ओजस्वी संबोधन में नेतृत्व की परिभाषा स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था की सफलता उसके अध्यक्ष और सचिव जैसे मजबूत स्तंभों पर टिकी होती है और एक कुशल नेतृत्व वही है जो सदस्यों की भावनाओं को समझते हुए उन्हें सेवा के साझा लक्ष्यों से जोड़े। श्री मित्तल ने स्पष्ट किया कि ऐसी बैठकों का उद्देश्य न केवल सेवा कार्यों की समीक्षा करना है, बल्कि दूर-दूर से आए सदस्यों के बीच आत्मीयता और स्थायी संबंधों का निर्माण करना भी है।

कार्यक्रम के दौरान लायंस इंटरनेशनल के उच्चादर्शों को रेखांकित करते हुए अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन ए.पी. सिंह की ओर से क्लब अध्यक्ष रमेश कुदार को विशिष्ट 'एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट' प्रदान किया गया, साथ ही जी.ए.टी. कोऑर्डिनेटर लायन जितेन्द्र मित्तल को भी विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी अध्यक्ष रत्नेश कुदार एवं सचिव डॉ. विक्रांत भावसार ने बताया कि इस ऐतिहासिक सम्मेलन में राजस्थान के जैतपुरा सहित प्रांत के विभिन्न अंचलों से आए 150 से अधिक क्लबों के लगभग 350 पदाधिकारियों ने सहभागिता की। प्रशासनिक सत्र में प्रांतीय सचिव लायन अशोक जैन ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और वित्तीय ब्यौरा सदन के समक्ष रखा गया। विभिन्न विभागीय प्रमुखों लायन अंशु बंसल, आशीष माथुर, राजेश शर्मा, मंजुला जैन और कविता मिंडा ने अपनी प्रगति रिपोर्ट पेश की।

इस अवसर पर पूर्व प्रांतपाल



## मंदसौर सीए शाखा को मिला क्षेत्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कार्य का गौरव

**मंदसौर।** किसी भी संस्था में यदि सभी सदस्य टीम भावना के साथ कार्य करें तो उस संस्था की प्रगति निश्चित है। यदि संस्था प्रगति करती है, तो उसके सदस्य की भी प्रगति होती है और एक सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण होता है। वर्ष 2025 में सेंट्रल इंडिया रीजन की सभी शाखाओं ने बेहतर कार्य करने का प्रयास किया है और उन्हीं में से विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाली शाखाओं को सम्मानित करने में हमें अत्यंत प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है।

उक्त विचार दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट्स ऑफ इंडिया की सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल के चेयरमैन सीए अंकुर गुप्ता ने चित्तौड़गढ़ में आयोजित सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल के 21वें वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

चित्तौड़गढ़ के इमेजिका रिसोर्ट में आयोजित इस भव्य व गरिमामय कार्यक्रम में मन्दसौर शाखा को कैपेसिटी बिल्डिंग के लिये किये गये कार्यों के लिये CIRC Capacity Building Award 2025 के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया ने बताया कि सेंट्रल इंडिया रीजन में उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तराखण्ड व झारखण्ड की 57 शाखाएँ कार्यरत हैं।



## जनपद शिक्षा केंद्र सीतामऊ में दिव्यांग बच्चों का उपकरण वितरण कार्यक्रम संपन्न

**मन्दसौर।** 24 फरवरी को राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार विगत माह में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया स्वास्थ्य परीक्षण में जिन बच्चों को पढ़ने में चलने में सुनने में कठिनाई का समाधान करने के लिए ऐसे चिन्हित बच्चों को उपकरण प्रदान करने हेतु सजेस्ट किया गया ऐसे 71 चिन्हित बच्चों के लिए मध्य प्रदेश सरकार की संस्था एलिमको द्वारा आज जनपद शिक्षा केंद्र सीतामऊ में उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कोटड़ामाता, नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज शुक्ला, उपाध्यक्ष सुमित रावत, सभापति विवेक सोनगरा, विजय गिरोठिया, मंडल महामंत्री प्रशांत चतुर्वेदी, पूरण दास बैरागी, विकास गिरोठिया,

रोहित द्विवेदी पर्व मराठा, बगदीराम लखावत, कमलेश शर्मा बीईओ, शंकरलाल रागोटा, बीआरसी बीएल शर्मा ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत बीएसी कमल राठौर बलवंत लोहार, संदीप पाटीदार, ललित पालीवाल जन शिक्षक पवन जैन, दिलीप द्विवेदी, अंबालाल मालवीय, सतीश माहेश्वरी, पुष्कर पाटीदार, प्रकाश खारोल, भागीरथ मालवीय, भगतराम मालवी ने किया।

## एक नजर

### दिलीप धनराज गुप्ता 'डिस्टिंग्विश्ड पब्लिक लीडरशिप अवॉर्ड' से अलंकृत

## टीओआई नेशनल सीएसआर समिट 2026 में राष्ट्रीय नेतृत्व का सम्मान

**पिपलिया स्टेशन (निप्र)।** देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इंडिया तथा टाइम्स फाउंडेशन द्वारा नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित टीओआई नेशनल सीएसआर समिट 2026 में देशभर के विशिष्ट नेतृत्वकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के युवा समाजसेवी दिलीप धनराज गुप्ता को 'डिस्टिंग्विश्ड पब्लिक लीडरशिप अवॉर्ड - गवर्नेंस एंड इनक्लूसिव नेशनल डेवलपमेंट' से अलंकृत किया गया। समारोह की अध्यक्षता भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने की। कार्यक्रम में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री




ठाकुर, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा कॉरपोरेट कार्य राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री वल्लभभाई कथीरिया, पूर्व राज्यसभा सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे सहित अनेक सांसद, न्यायपालिका के पूर्व वरिष्ठ सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी, नीति विशेषज्ञ और उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डिस्टिंग्विश्ड पब्लिक लीडरशिप एवं लाइफटाइम ऑनर्स श्रेणी में देश की कई प्रतिष्ठित हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के. जी. बालकृष्णन, पूर्व नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक विनोद कुमार शुंगलू, सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश बेला एम. त्रिवेदी, प्रधानमंत्री कार्यालय के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा, नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत, सेवानिवृत्त सचिव अतुल चतुर्वेदी, विश्व स्वास्थ्य संगठन की क्षेत्रीय सलाहकार डॉ. मनीषा श्रीधरा, वरिष्ठ जननेता अगाथा के. संगमा, समाजसेवी अरुणा गोयनका तथा एम3एम फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ. पायल कनोड़िया सहित अनेक विशिष्ट व्यक्तित्व शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि मंदसौर (मध्यप्रदेश) में जन्मे दिलीप धनराज गुप्ता लंबे समय से ग्रामीण विकास, किसान कल्याण, सहकारिता आंदोलन तथा गौ-

# नीमच

## एक नजर में

### बेसन के स्वाद से महकी गांधी वाटिका, 'कृति' की व्यंजन प्रतियोगिता में 50 से अधिक महिलाओं ने दिखाई पाक कला की चमक



**नीमच।** क्षेत्र की अग्रणी साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था कृति संस्था के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली व्यंजन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन मंगलवार, 24 फरवरी 2026 को दोपहर 2 बजे से स्थानीय गांधी वाटिका में किया गया। यह आयोजन भरत जाजू एवं श्रीमती स्नेह लता जाजू की वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित हुआ, जिसमें बेसन से बने मीठे और नमकीन व्यंजनों की आकर्षक एवं स्वादिष्ट प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अक्षय राजपुरोहित ने बताया कि कृति द्वारा प्रतिवर्ष महिलाओं की प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इस वर्ष 50 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। हर आयु वर्ग की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी पाक कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिता समदानी (अध्यक्ष, माहेश्वरी महिला मंडल नीमच), वंदना मंत्री (महिला अध्यक्ष, वैश्य महासम्मेलन नीमच) एवं डॉ. संगीता भारती (नेत्र रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय नीमच) उपस्थित रहीं। अतिथियों ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं की सृजनात्मकता और आत्मविश्वास को नई उड़ान देते हैं। संस्था के सचिव कमलेश कुमार जायसवाल एवं प्रचार सचिव कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि व्यंजन प्रतियोगिता के साथ महिलाओं के लिए सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई, जिसका संयोजन डॉ. माधुरी चौरसिया ने किया। सही उत्तर देने वाली प्रतिभागियों को तुरंत पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया।

### जिले में वाहनों पर काली फिल्म लगाकर वाहन प्रयोग करने वालों के विरुद्ध सख्त चालानी कार्रवाई




**नीमच।** जिला सडक सुरक्षा समिति में परिवहन विभाग तथा यातायात विभाग को काली फिल्मधारी वाहन चालको तथा बिना हेलमेटधारी वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करने के आदेश दिये गये जिसके तारतम्य मे श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अंकित जायसवाल, अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्री किरण चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर एवं यातायात टीम द्वारा काली फिल्म धारी वाहन चालको के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। चालानी कार्यवाही के दौरान 05 काली फिल्म वाहन चालकों के विरुदध चालान बनाकर 2500 समनशुल्क वसुला गया तथा यातायात टीम द्वारा अन्य वाहन चालकों के विरूद्ध कुल 60 चालान बनाकर 24600 रुपये समन शुल्क वसुल किया गया।। चालानी कार्यवाही निरंतर जारी है वाहन चैकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन शिविर आयोजित

▸ 25 शिकायतों का मौके पर निराकरण

**नीमच।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन, उज्जैन के निर्देशानुसार मंगलवार को जोन के सभी जिलों में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए गए। इसी क्रम में 24 फरवरी 2026 को पुलिस कंट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।




शिविर की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने की। इस दौरान जनसुनवाई के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण पर विशेष फोकस रखा गया। शिविर में पहुंचे आवेदकों ने अपनी समस्याएं सीधे पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं, जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को त्वरित और प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए गए।

शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की कुल 25 शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर उन्हें बंद कराया गया। वहीं जनसुनवाई में लगभग 85 आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक ने सभी मामलों के शीघ्र एवं निष्पक्ष निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई से जुड़े प्रकरण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित शिकायतें सहित विभिन्न प्रकार के मामलों पर सुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए।

शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद रोहित राठौर, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा निकिता सिंह सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं संबंधित शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।



## जे एस जी नीमच ग्रेटर द्वारा विवाह वर्षगांठ सेलिब्रेशन पार्टी आयोजित

**नीमच।** जैन सोश्यल ग्रुप नीमच ग्रेटर द्वारा ग्रुप सदस्यों की वैवाहिक वर्षगांठ सेलिब्रेशन पार्टी का एक बहुत ही खुशनुमा पारिवारिक माहौल में शानदार पार्टी का आयोजन रविवार दिनांक 22 फरवरी को सुंदरम मैरिज गार्डन में ग्रुप के 17 दंपत्ति सदस्यों के सहयोग से (जिनकी जनवरी-फरवरी मार्च में जिनकी विवाह वर्षगांठ है) किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में नवकार मंत्र की प्रस्तुति ग्रुप की सदस्य श्रीमति राखी कोचेटा द्वारा दी गई इसके बाद शुरू हुआ विवाह वर्षगांठ सेलिब्रेशन पार्टी का सिलसिला जिसमें ग्रुप के दंपत्ति सदस्यों जिनकी विवाह वर्षगांठ जनवरी फरवरी मार्च में है उनको एक-एक करके ढोल धमाके के साथ झूमते नाचते गाते ग्रुप सदस्यों द्वारा स्टेज पर लाया गया जहां पर कपल जोड़े द्वारा कार्यक्रम संचालक द्वारा पूछे गए चुटीले प्रश्नों का रोमांटिक अंदाज में जवाब देते हुए सभी ने म्यूजिक की धुन पर मनमोहक डांस की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में समां बांध दिया एवं सभी दंपत्ति सदस्यों ने स्टेज पर एक दूसरे को वरमाला पहनाकर अपनी पुरानी यादों को एक बार फिर ताजा कर दिया। इस अवसर पर सभी 17 दंपत्ति सदस्यों को ग्रुप द्वारा आकर्षक फोटोफ्रेम देकर सम्मानित करते हुए आज के इस दिन को यादगार बना दिया गया। इसके बाद सभी कपल सदस्यों ने एक साथ खड़े होकर एक आकर्षक मनमोहक यादगार फोटोशूट कराया जिसके बाद सभी सदस्यों ने स्टेज पर म्यूजिक की धुन पर शानदार डांस करते हुए कार्यक्रम में अपनी अमिट छाप छोड़ते हुए अंत में सभी ने साथ में सामूहिक रूप से केक काटकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

## एक नजर

### योग से मिटते है, सारे रोग - पवन पाटीदार

## 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण में दक्ष हुए प्रशिक्षणार्थी

**नीमच। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहे सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के 10 वें दिन पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मुख्य अतिथि पवन पाटीदार ने भाग लेते हुए कहा कि दुनिया में योग साधना है मात्र ऐसी विधा है जिसको नित्य प्रति उचित योग गुरु द्वारा बताये गये अनुसार करने से ही सारे रोग मिट जाते है एवं व्यक्ति सदैव आरोग्य बना रहता है!**

ऐसी महत्वपूर्ण विधा को सीखकर जब आप लोग अपने अन्य परिजनों इष्ट मित्रों को भी लाभान्वित करेंगे तो निश्चित ही हमारी भारतीय संस्कृति का उत्थान होगा!



आज के शिविर में योग शिक्षक पुखराज साहू के द्वारा यौगिक - जॉगिंग के साथ ही बैठकर और लेटकर किये जाने वाले आसनों को इंटिग्रेटेड योग के साथ करवाते हुए विभिन्न असाध्य रोगों के उपचार भी बताये!

शिविर में विशेष रूप से उपस्थित हुए 76 वर्षीय शांतिलाल पाटीदार (मांडा) ने योग के दुर्लभ आसनों के बीच शीर्षासन का श्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया! तो योग साधकों में 70 वर्षिय त्रिलोक बंसल ने भी शीर्षासन, हलासन का उत्तम प्रदर्शन किया!

संयोग से आज प्रदेश पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष पवन पाटीदार का जन्मदिवस होने की जानकारी पर से भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिला नीमच के कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर भारद्वाज द्वारा मोती माला, आरोग्य भारती जिला नीमच अध्यक्ष अजय भटनागर द्वारा चंदन माला और भारत स्वाभिमान का अंग वस्त्र पहनाते हुए लाक्षाकार बालकृष्ण सोलंकी ने अभिनंदन किया तो आयोजन का संचालन कर रहे राजेश जायसवाल द्वारा सभी योग शिक्षणार्थियों से हर्षनाद करवाते हुए नीमच के युवा और बहुमुखी प्रतिभा के धनी पवन पाटीदार को जन्मदिवस की बधाई एवं सदैव स्वस्थ्य पारिवारिक जीवन की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रदान की

शिविर समय प्रात: 6 से 7:30 की कक्षा में प्रतिदिन क्षेत्र के अंचल नयागांव, घसुंडी, सुवाखेड़ा, कनावटी, ढोलपुरा, जीरन से योग साधक बड़ी संख्या में भाग ले रहे है, योग साधना उपरांत मैथी, धनिया, सोंप, जीरा, अजवायन का औषधीय पेय पान करवाया गया।